भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 61

02 फरवरी, 2023 को उत्तर के लिए

स्मार्ट सिटी सलाहकार फोरम

61. श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डीः

श्री मद्दीला गुरुमूर्तिः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्मार्ट सिटी सलाहकार फोरम द्वारा विशेषकर आन्ध्र प्रदेश राज्य में आयोजित बैठकों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने स्मार्ट सिटी सलाहकार फोरम की नियमित बैठकें सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने ऐसे फोरमों पर स्थानीय प्रतिनिधियों सहित विभिन्न हितधारकों का समुचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री कौशल किशोर)

(क) से (ग): भारत सरकार ने 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) आरंभ किया था। जनवरी 2016 से जून 2018 तक प्रतियोगिता के 4 दौर के माध्यम से 100 स्मार्ट शहरों का चयन किया गया है। शहर स्तर पर स्मार्ट सिटीज मि�शन का कार्यान्वयन इस प्रयोजन से बनाए गए विशेष प्रयोजन तंत्र (एसपीवी) द्वारा किया जाता है।

एससीएम दिशानिर्देशों के अनुसार, विभिन्न हितधारकों को सलाह देने और उनके बीच सहयोग स्थापित करने के लिए शहर-स्तरीय एसपीवी में एक स्मार्ट सिटी सलाहकार फोरम (एससीएएफ) की स्थापना की जानी है। इसमें संसद के सदस्य, विधानसभा/परिषद् के सदस्य, जिला कलेक्टर, महापौर, नागरिक समाज संगठनों के प्रतिनिधि, स्थानीय युवा, तकनीकी विशेषज्ञ और अन्य हितधारक शामिल हैं। आंध्र प्रदेश के स्मार्ट शहरों सहित सभी 100 स्मार्ट शहरों ने अपने एससीएएफ स्थापित किए हैं।

27 जनवरी, 2023 तक, 100 स्मार्ट शहरों द्वारा 735 से अधिक एससीएएफ बैठकें आयोजित की गई हैं, जिनमें से 19 बैठकें आंध्र प्रदेश के स्मार्ट शहरों द्वारा आयोजित की गई हैं।

सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों और संबंधित स्मार्ट शहरों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) को समय-समय पर पत्रों और बैठकों और सम्मेलनों के माध्यम से एससीएएफ की नियमित बैठकें आयोजित करने और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगति से अवगत कराने के लिए स्थानीय निर्वाचित प्रतिनिधियों, विशेष रूप से माननीय संसद सदस्यों के संपर्क में रहने की सलाह दी गई है। एससीएएफ बैठकों का संचालन मिशन द्वारा उपयोग किए जाने वाले भू-स्थानिक प्रबंधन सूचना प्रणाली (जीएमआईएस) के भाग के रूप में रीयल-टाइम शहर रैंकिंग प्रणाली का एक अभिन्न अंग है।

*****